समाचार

# राजस्व की वसूली में लापरवाही एवं निर्माण कार्यो में देरी पर आयुक्त हुए नाराज

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोन कार्यालय में प्रातः 8.30 बजे ली अधिकारियों की बैठक, जोन कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की)

### (दर्री जोनांतर्गत विभिन्न वार्डो का दौरा कर प्रगतिरत व प्रस्तावित निर्माण कार्य स्थलों का किया निरीक्षण)



कोरबा 05 अप्रैल 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज राजस्व वसूली कार्यो में लापरवाही बरतने, निर्धारित वसूली लक्ष्य को प्राप्त न करने तथा जोन में प्रस्तावित निर्माण व विकास कार्यो को प्रारंभ करने में देरी को लेकर आज कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाने एवं प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए, आयुक्त श्री पाण्डेय ने जिन राजस्व कर्मियों का वसूली प्रतिशत कम था, उन्हें मौके पर ही शो–काज नोटिस जारी किया, साथ ही 01 सप्ताह के अंदर राजस्व वसूली प्रतिशत में वृद्धि कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करने के निर्देश भी जोन प्रभारी को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज दर्री जोन कार्यालय पहुंचकर प्रातः 8.30 बजे जोन कमिश्नर सहित जोन के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यो की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की। राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्होने राजस्व की कम वसूली एवं वसूली

कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारियों को मौके पर ही शो–काज नोटिस जारी किया। उन्होने जोन प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि वसूली कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर 01 सप्ताह के अंदर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन के प्रस्तावित व प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की एवं जोन में प्रस्तावित नवीन विकास कार्यो को प्रारंभ करने में देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की, उन्होने जोन कमिश्नर एवं संबंधित अभियंताओं को अल्टीमेटम देते हुए कार्यप्रक्रिया में तेजी लाकर निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए।

**जोन कार्यालय की समस्त व्यवस्थाएं अप–टू–डेट रहे** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने दर्री जोन कार्यालय के सभी कक्षों एवं सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर वहॉ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उन्होने जोन कमिश्नर को निर्देश देते हुए कहा कि निगम के सभी जोन कार्यालय '' **जोन आपकी सेवा में – सर्विसेस एट द जोन** '' की थीम पर जनसेवा केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे, अतः जोन कार्यालय की समस्त व्यवस्थाओं को उक्त थीम पर अपडेट करें, समस्याएं लेकर आने वाले नागरिकों की बैठने, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था बनाएं, जोन कार्यालय में शिकायत पेटी रखें, प्राप्त शिकायतों का त्वरित रूप से निदान करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि उनकी समस्या का यथासंभव संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

**सुशासन दिवस पर्व में आवेदन लेने की व्यवस्था बनाएं** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन दिवस पर्व के अंतर्गत 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आमनागरिकों से उनके आवेदन प्राप्त करना हैं, अतः जोन कार्यालय में नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, आवेदन लेने हेतु कर्मचारियों की तैनाती करें, प्राप्त आवेदनों को निर्धारित पंजी में दर्ज कर आवेदन का पंजीयन करते हुए संबंधित आवेदकों को पावती देवें। उन्होने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता व त्रुटि न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

**प्रगतिरत निर्माण कार्यो का निरीक्षण** – समीक्षा बैठक के पश्चात आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोन के विभिन्न वार्डो में प्रगतिरत व प्रस्तावित निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण किया। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सरदार पटेलनगर में सीवर लाईन मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, साथ ही वहॉ पर कलवर्ट का निर्माण कर लाईन को बड़े नाले से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 59 मुक्तिधाम में शवदाह का निर्माण, वार्ड क्र. 48 दर्री थाना के सामने एक्युप्रेशर पाथवे का निर्माण, वार्ड क्र. 48 कलमीडुग्गू स्कूल में जिला खनिज न्यास मद से बाउण्ड्रीवाल निर्माण तथा वार्ड क्र. 60 तुलसीनगर में जिला खनिज न्यास मद से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**आवासगृहों को अपडेट कर शीघ्र आबंटन कराएं** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोनांतर्गत स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासगृहों का निरीक्षण किया, निगम द्वारा इन आवासगृहों के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आवासगृहों के मरम्मत कार्य, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, मकानों के दरवाजे, खिड़की, विद्युत वायरिंग व परिसर के विकास कार्य सहित अन्य कार्यो को शीघ्र पूरा करने एवं पात्र हितग्राहियों को इन आवासगृहों का आबंटन किए जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने आवासगृहों में पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा।

**प्रातः 08 बजे के बाद मुख्य मार्ग पर न दिखें कचरा** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहॉ के साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य मार्गो का सफाई कार्य प्रातः 08 बजे से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि प्रातः 08 बजे के बाद मुख्य मार्गो के किनारे कचरा न दिखें। उन्होने वार्डो में स्थित नालियों, सड़कों आदि की व्यवस्थित रूप से साफ–सफाई किए जाने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने तथा सफाई कार्य में तैनात सभी कर्मचारियों की कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**प्रधानमंत्री ई–सेवा के प्रस्तावित टर्मिनल स्थल पहुंचे आयुक्त** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रतीक्षा बस स्टैंड सरदार पटेल नगर जमनीपाली में प्रस्तावित प्रधानमंत्री ई–बस सेवा टर्मिनल व चार्जिंग प्वांइट स्थल का निरीक्षण किया, उन्होने टर्मिनल चार्जिंग प्वांइट निर्माण के संबंध में संपादित की जा रही कार्यप्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी सिटी बसों का निरीक्षण किया तथा सिटी बसों का आवश्यक मरम्मत कार्य कर बसों को संचालित कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता यशवंत जोगी, सुशील चन्द्र सोनी, डी.पी.साहू, प्रमोद जगत, जोन उप प्रभारी माहेश्वर सिंह, अरविंद पाण्डेय, देवनारायण पैकरा, सत्यप्रकाश राठौर, रामाधार सागर, तीजराम पटेल आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।